**विधान परिषद् के प्रथम सत्र, 2022 के प्रथम शुक्रवार हेतु निर्धारित श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी, <u>मा0 सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-15 का उत्तर</u>**

| <u>प्रश्न</u> | <u>उत्तर</u> |
| --- | --- |
| 15- (क) क्या उप मुख्यमंत्री बतायेंगे कि मनरेगा के अन्तर्गत जनपद गोंडा में विगत 02 वर्षों से वर्षवार कितनी धनराशि व्यय की गई है? | जी हां,<br>मनरेगा योजनान्तर्गत जनपद गोंडा में वित्तीय वर्ष 2019-20 में रूपये 15285.99 लाख एवं वित्तीय वर्ष 2020-21 में रूपये 21874.17 लाख धनराशि व्यय की गयी। |
| (ख) क्या अभी भी स्वीकृत परियोजनाएं पूर्ण नहीं हुई है? | जी हां,<br>मनरेगा योजनान्तर्गत जनपद गोंडा में वित्तीय वर्ष 2019-20 में कुल 29837 परियोजनाएं स्वीकृत की गयी थी, जिसमें 14413 परियोजनाएं पूर्ण हो गयी हैं व 15424 परियोजनाएं अपूर्ण हैं तथा वित्तीय वर्ष 2020-21 में कुल 48776 परियोजनाएं स्वीकृत की गयी थी, जिसमें 12484 परियोजनाएं पूर्ण हो गयी हैं व 36292 परियोजनाएं अपूर्ण हैं। |
| (ग) यदि नहीं, तो जनपद गोंडा में ऐसी कितनी परियोजनाएं है जिनके कार्य अभी अधूरे है तथा धनराशि का भुगतान कर दिया गया है? | जनपद गोंडा में ऐसी कोई अधूरी परियोजना नहीं है, जिसका सम्पूर्ण भुगतान करा दिया गया हो। |
| (घ) क्या जिलाधिकारी द्वारा अधूरी उन परियोजनाओं का निरीक्षण किया गया है? | प्रश्न नहीं उठता। |
| (ङ) यदि हाँ, तो कब? | प्रश्न नहीं उठता। |

**केशव प्रसाद मौर्य**
**उप मुख्यमंत्री।**